


नवभारत
भोपाल, सोमवार, 9 मार्च, 2026


# करीला में दिखा श्रद्धा, आस्था और भक्ति का अद्भुत संगम

## मुख्यमंत्री ने पत्नि संग की माता जानकी की पूजा अर्चना, नारी शक्ति को किया सम्मानित



नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** करीला धाम श्रद्धा, आस्था और भक्ति का अदभुत संगम है, इस पावन स्थल पर माता सीता अपने दोनों पुत्र लव-कुश के साथ विराजमान हैं। यह देश का एक मात्र अद्वितीय मंदिर है, जहां माता सीता अपने दोनों पुत्रों के साथ पूजी जाती हैं यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने करीला में मां जानकी की सपत्नि पूजा अर्चना की और उसके बाद उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहीं। इसके साथ ही उन्होंने कहा है कि देश के अधिकांश मंदिर भगवान श्रीराम को समर्पित हैं, करीला धाम लव-कुश की जन्म-स्थली भी है, जो लव-कुश की बाल लीलाओं की साक्षी है। इस पवित्र स्थली के सम्पूर्ण विकास की योजना बनाई जायेगी। इसके साथ ही मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जिले को 115 करोड़ रूपये लागत के 50 विकास कार्यों की सौगात भी दी। इसमें 57 करोड़ 3 लाख की लागत के 11 विकास कार्यों का लोकार्पण और 58 करोड़ 32 लाख की लागत के 39 विकास कार्यों का भूमि-पूजन शामिल है। वहीं उन्होंने कहा कि माता सीता धैर्य, साहस और आत्म-सम्मान का प्रतीक हैं। जब हम नारी शक्ति की बात करते हैं तो माता सीता का ध्यान आता है। माता सीता ने यह संदेश दिया कि नारी का आत्म-सम्मान ही सबसे बड़ी शक्ति है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश को मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम का भी विशेष स्नेह मिला है। यहां चित्रकूट में उन्होंने वनवास काल के 11 वर्ष बिताए। मध्यप्रदेश सरकार राम वन गमन वथ विकसित कर रही है। जहां-जहां भगवान श्रीराम के श्रीचरण पड़े हैं, उन्हें तीर्थ स्थल के रूप में विकसित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज का दिन अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर माता जानकी के दर्शन कर पुण्य लाभ प्राप्त किया है। माता सीता शक्ति एवं पराक्रम की देवी हैं, उनका प्रताप गौरवशाली संस्कृति है। इस पवित्र स्थान से महर्षि वाल्मीकि, सीता माता एवं लव-कुश की कहानी जुड़ती है।



**भारतीय संस्कृति में मातृशक्ति को प्रथम स्थान :**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारी भारतीय संस्कृति में मातृशक्ति को प्रथम स्थान दिया गया है, केंद्र और राज्य सरकार द्वारा महिलाओं के कल्याण के लिए अनेकों योजनाएं संचालित की जा रही है। साथ ही आगामी लोकसभा एवं विधानसभा निर्वाचन में भी 33 प्रतिशत महिलाओं को आरक्षण दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि लाड़ली बहनों को प्रदेश सरकार प्रतिमाह 1500 रूपए की राशि प्रदान कर रही है। महिलाओं को विभिन्न विभागों में आरक्षण देकर उच्च पदों पर नियुक्ति दी गईं हैं। उन्होंने कहा कि किसान कल्याण वर्ष का आयोजन प्रदेश में किया जा रहा है। किसानों के उत्थान के लिए केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा 6-6 हजार रुपए की राशि किसान सम्मन निधि के रूप में दी जा रही है।

**विधि-विधान से माता जानकी की पूजा-अर्चना :**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने करीला धाम में जानकी मंदिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। साथ ही मंदिर परिसर में ढोल बजाकर शंखनाद किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने श्रद्धालुओं के साथ फूलों की होली भी खेली। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ग्राम दीपनाखेड़ा से करीला धाम तक 10 किलोमीटर की सड़क स्वीकृत किये जाने की घोषणा की। इस दौरान उन्होंने करीला धाम तीर्थ के संपूर्ण विकास की कार्ययोजना बनाने के निर्देश कलेक्टर को दिए। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम स्थल पर महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन कर समूह की महिलाओं से संवाद भी किया।

**अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं को किया सम्मानित :**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली जिले की सात महिलाओं को सम्मानित किया। इनमें शिक्षा के क्षेत्र में डॉ. अमिता सेठी, धार्मिक क्षेत्र में नैना शर्मा, खेल के क्षेत्र में पूनम रघुवंशी, पर्यावरण के क्षेत्र में विनीता साहू, स्वयंसिद्धा के क्षेत्र में गायत्री शर्मा, स्वास्थ्य के क्षेत्र में छाया बैस तथा समाजसेवा के क्षेत्र में कुलविंदर कौर को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री राकेश शुक्ला, मुंगावली विधायक बृजेन्द्र सिंह यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह यादव, आयुक्त ग्वालियर संभाग मनोज खत्री, आईजी अरविन्द सक्सेना, कलेक्टर साकेत मालवीय, पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी और बड़ी संख्या में महिलाएं एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### 50 विकास कार्यों का किया लोकार्पण:

कायक्रम में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने 115 करोड़ 35 लाख रुपए की राशि के विभिन्न 50 निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने सांदीपनी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महिदपुर लागत 29.45 करोड़, मोहनपुर लिधोरा मार्ग से किर्राया सड़क 1.26 करोड़, मुंगावली चंदेरी मार्ग से डुंगासरा तक सड़क निमार्ण 25 लाख अशोकनगर पिपरई मार्ग के किलोमीटर 13/10 में ओर नदी पर उच्च स्तरीय पुल निमार्ण 7.06 करोड़,नवीन 30 बिस्तरीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन राजपुर 10.94 करोड़, आंगनवाड़ी भवन निर्माण ग्राम खैरोना 95 लाख, ग्राम कोलुआ 12 लाख, पंचायत भवन निमार्ण कजराई 2लाख 25 हजार, शासकीय गणेश शंकर विद्यार्थी महाविद्यालय 5.42 करोड़, 100 बिस्तरीय बालिका छात्रावास मल्हारगढ़ 1.78 करोड़, प्राथमिक शाला भवन अथाई घाट 43 लाख रूपये के कार्यों का लोकार्पण किया गया। साथ ही मां जानकी करीला धाम परिसर में व्हीआईपी दर्शन एप्रोच मार्ग 6.50 लाख, सीता रसोई के पास हट निर्माण 05 लाख रूपये, टीनशेड निर्माण 2.5 लाख रूपये, हेलीपेड एवं रोड निर्माण 15 लाख रूपये,व्हीआईपी पार्किंग हेतु रेम्प निर्माण 05 लाख रूपये, पानी टंकी निर्माण हेतु 40 लाख रूपये तथा पेयजल हेतु नवीन 5 नलकूप खनन हेतु 89 लाख रूपये की राशि के कार्यों का लोकार्पण किया गया।




## एक नजर में



### अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस एवं रंग पंचमी-होली मिलन का कार्यक्रम मनाया

**अशोकनगर।** विमर्श जागृति महिला मंच द्वारा रविवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस होली मिलन का कार्यक्रम बड़े ही उत्साह पूर्वक मनाया। इस दौरान संगठन ने कई कार्यक्रम आयोजित किये गये। जिसमें सर्वप्रथम आचार्य विमर्श सागर महाराज के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित किया, तत्पश्चात संकल्प गीत गाया। मंच की सदस्यों ने एक दूसरे को गुलाल लगा कर रंगपंचमी की बधाई दी एवं गले मिले। साथ ही मनोरंजक गेम खेले गए, जिनमें प्रथम स्थान पर पूजा जैन, दूसरा स्थान ज्योति जैन एवं तीसरा स्थान स्मृति जैन को प्राप्त हुआ।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर नारी सम्मान पर सभी ने अपने विचार व्यक्त किये। शाखा अध्यक्ष वैशाली बांझल ने कहा कि नारी शक्ति- धैर्य- त्याग- ममता का अद्भुत स्वरूप है, वह जीवन को संस्कार देती है, परिवार को सम्मान देती है ,समाज को नई दिशा देती है। आज विशेष दिन पर नारी को हृदय से नमन। स्मृति भारत ने अपने सम्बोधन में कहा कि माता- पत्नी- बहन-पुत्री के रूप में सभी को नारी का सम्मान करना चाहिए। वहीं प्रीति मोहरी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि नहीं नारी को कोई पेंशन नही मिलती है, ना वह रिटायर्ड होती है ,ना ही उसे छुट्टी मिलती है, वह बिना पैसों के सभी का सम्मान आदर और सभी काम करती है।

# जमीन से लेकर आसमान तक नारियों की पहुंच : जयमंडल

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विभिन्न सामाजिक संगठनों ने किया सशक्त नारी का सम्मान

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रविवार को शहर के विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा सशक्त नारी का सम्मान किया गया। इस दौरान स्थानीय ईसागढ़ रोड स्थित द्वारका प्रसाद विद्यालय में रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा आयोजित कार्यक्रम के दौरान सोसाइटी के चेयरमैन डॉ जय मंडल सिंह यादव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि 8 मार्च वह दिन है जब महिलाओं को एहसास होता है कि वह संसार की धुरी है, और वास्तव में यह सर्वकालिक सच भी है।**




इस दौरान उन्होंने कहा कि अब वह समय आ गया है, जब जमीन से लेकर आसमान तक महिलाएं नजर आने लगी है। समाज का ऐसा कोई क्षेत्र नहीं जहां नारी ने अपनी काबिलियत को साबित ना किया हो। पुरुष की जन्मदाता होने के साथ उसकी शक्ति भी है, इसलिए शास्त्रों में लिखा है, यत्र नारी पूज्यंते के तत्व रमंते देवता यानी जहां नारी की पूजा होती है वहां देवता निवास करते हैं। मां बहन बेटी और पत्नी के रूप में अपने कर्तव्य का निर्वहन निष्ठा पूर्वक करने वाली नारी समाज के किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है। इस दौरान सोसाइटी के प्रदेश प्रतिनिधि डॉ. दीपक मिश्रा ने अपने सारगर्वित संबोधन में कहा कि सनातन धर्म में तो अनादि से शक्ति के रूप में नारी की पूजा होती चली आ रही है। तभी यह संसार और हम सब सशक्त और सर्व ऐश्वर्य संपन्न है। हमारे यहां नवदुर्गा पर मां शक्ति के रूप में नारी की उपासना होती है। और हमारे समस्त देवी- देवताओं में पहले देवी के नाम का ही संबोधन होता है। हमें जन्म देने वाली मां भी नारी है। वैसे तो नारी हर क्षेत्र में आगे है, आज हमारे समाज की समझ ने नारी के व्यक्तित्व को निखारा है, और अब वह जमीन से लेकर आसमान तक नजर आने लगी है चाहे अंतरिक्ष केंद्र हो, यात्री विमान उड़ाने में या फाइटर प्लेन चलाने में महिलाओं ने अपने आप को साबित किया है, रिक्शा, टैक्सी, ट्रक, ट्रेन बस आदि को भी कुशलता पूर्वक चलाया है। स्वास्थ्य शिक्षा सामाजिक सरोकार प्रशासन कोई भी क्षेत्र हो महिलाएं पीछे नहीं है,अब यह कहना बड़े सम्मान की बात है कि महिलाएं सशक्त हैं, दया, करुणा, ममता से भी भरी है। इस दौरान सोसाइटी के प्रदेश प्रतिनिधि डॉ. हरवीर सिंह रघुवंशी, सचिव संजय रघुवंशी, सतीश पाराशर, अशोक रघुवंशी, विनोद शर्मा, महिला शक्ति के रूप में रश्मि रघुवंशी, रक्षा यादव उपस्थिति रहीं। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित महिला शक्ति रश्मि रघुवंशी द्वारा मां सरस्वती का पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस दौरान उन्होंने कहा कि नारी से व्यक्ति, नारी से ही परिवार और नारी से ही समाज होता है, नारी सर्वोपरि है, नारी नारायणी है, शास्त्रों में नारी को ईश्वर का दर्जा दिया गया है। कार्यक्रम में शासकीय अस्पताल से डॉ मनीषा यादव ने 15 वर्ष से 16 वर्ष तक की कन्याओं को वैक्सीन लगवाने की सलाह दी जिससे कि भविष्य में कैंसर जैसी बीमारी से निजात मिल सके। इस दौरान विद्यालय के प्राचार्य एवं स्टाफ उपस्थित रहा।

**लीनेस क्लब सर्वमंगला ने किया यातायात प्रभारी स्नेहा ठाकुर का सम्मान :**

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर लीनेस क्लब सर्वमंगला की सदस्याओं ने मिलकर पुलिस सब इंस्पेक्टर, क्लब की सदस्य स्नेहा ठाकुर का माल्यार्पण कर सम्मान किया। सब इंस्पेक्टर स्नेहा ठाकुर वर्तमान में यातायात प्रभारी है, अपने कर्तव्य पालन के प्रति सदैव समर्पित हैं। क्लब की चार्टर्ड अध्यक्षा की ओर से उन्हें गमला भेंट किया गया तथा सभी सदस्यों के द्वारा पुष्पमाला पहनकर उनका सम्मान किया गया। इस अवसर पर क्लब की चार्टर्ड मेंबर दिव्या प्रभा तायडे , अध्यक्ष अमिता खैर, सचिव अंजना अग्रवाल ,कोषाध्यक्ष परमीत सेठी, पीआरओ सुचिता जोशी, रुचि शर्मा उपस्थित रही।

### कच्ची शराब के साथ एक गिरफ्तार

**अशोकनगर।** मुंगावली पुलिस ने एक युवक को 10 लीटर हाथ भट्टी (कच्ची शराब )की शराब के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार राजेंद्र उर्फ राजन पुत्र गोरेलाल सांस निवासी गुर्जर कालोनी मुंगावली अपने घर के पीछे हाथ भट्टी की शराब बेचने की फिराक में था, जिसे पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार करते हुए उससे करीब 1500 रूपये की दस लीटर अवैध शराब जब्त की है।

### गरेंठी में हुई मारपीट, क्रास केस दर्ज

**अशोकनगर।** पिपरई थाना अंतर्गत ग्राम गरेंठी में दो पक्षों में मामूली बात को लेकर विवाद हो गया है। जिसके बाद पुलिस ने दोनो पक्षों के विरूद्ध मामला दर्ज करते हुए जांच में लिया है। जानकारी के अनुसार गोविन्द पुत्र हल्लू आदिवासी ने उदयभान सिंह, पहलवान सिंह पर गाली-गलौच करते हुए मारपीट का आरोप लगाया है। तो वहीं दूसरे पक्ष पहलवान सिंह पुत्र किशना आदिवासी ने गोविन्द और रतिराम पर गाली-गलौच करते हुए मारपीट करने का आरोप लगाया है।

### पूर्व विधायक को मुख्यमंत्री ने दी श्रद्धांजलि

**नवभारत अशोकनगर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जिले के ईसागढ़ के ग्राम महुअन पहुंचकर चंदेरी विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक राव राजकुमार सिंह यादव के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्वर्गीय यादव के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया तथा परिजन से मुलाकात कर ढांढस बंधाया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि स्व. राव राजकुमार सिंह यादव समर्पित जनप्रतिनिधि और समाजसेवी थे। अपने जीवनकाल में उन्होंने कई समाज सेवा के कार्य किए। जनकल्याण के लिए सक्रियता पूर्वक कार्य किया, उनका योगदान स्मरणीय रहेगा।




### बाथम ने किये मां जानकी के दर्शन

**नवभारत न्यूज** अशोकनगर। मध्य प्रदेश सरकार के मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष मध्य प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त सीताराम बाथम द्वारा रंग पंचमी के अवसर पर रविवार को करीला धाम पहुंचकर मां जानकी के दर्शन किए। तत्पश्चात श्री बाथम ने जिले के कार्यकर्ताओं से सौजन्य भेंट की। इस दौरान भाजपा जिला मीडिया प्रभारी डॉक्टर हरवीर सिंह रघुवंशी के निवास पर कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर श्री बाथम का स्वागत किया। इसके अलावा रेडक्रॉस सोसाइटी चेयरमैन डा. जयमंडल यादव सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।



**गीता पाठ**

**श्रीयुगल सरकार श्रीमद् भागवत गीता स्वाध्याय समिति कर रही गांव-गांव में आयोजन**

# घर बने मंदिर और ग्राम बने तीर्थ की भावना के साथ हो रहा गीता स्वाध्याय

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** श्री युगल सरकार श्रीमद्भगवद्गीता स्वाध्याय सेवा समिति द्वारा गांव-गांव साप्ताहिक स्वाध्याय प्रारम्भ करवाया जा रहा है, जिससे जन-जन को श्रीमद्भगवद्गीता स्वाध्याय करने और यथार्थ ज्ञान को अपनाकर अपना कर्त्तव्य जानने और उसे प्रामाणिकता से निभाने की प्रेरणा मिले। श्री युगल सरकार श्रीमद्भगवद्गीता स्वाध्याय सेवा समिति द्वारा अभी तक जिले के 19 ग्रामों में साप्ताहिक गीता स्वाध्याय शुरू करवाया गया है। इसी क्रम में रविवार को ग्राम कुकरेठा में बालाजी मंदिर परिसर में गीता जी के दूसरे अध्याय सांख्ययोग का स्वाध्याय किया गया।



अध्याय 2 श्लोक 23 में भगवान श्रीकृष्ण अर्जुन को आत्मा की अमरता के बारे में समझाते हैं इस आत्मा को शस्त्र काट नहीं सकते, आग जला नहीं सकती, जल गीला नहीं कर सकता और हवा सुखा नहीं सकती। अध्याय 3 श्लोक 21 में भगवान कहते हैं श्रेष्ठ व्यक्ति जैसा जैसा आचरण करते हैं प्रमाण देते हैं वैसा ही संसार के लोग उनको देखकर आचरण में अपनाते हैं और प्रमाण देने लगते हैं इसलिए श्रेष्ठ व्यक्तियों को हमेशा शास्त्र विधि अनुसार जीवन जीना चाहिए। वहीं ग्राम अमरोद में भी रविवारीय गीता स्वाध्याय में भी सार्थक संवाद किया गया। जिज्ञासुजन के प्रश्न कि धर्म क्या है इसके उत्तर में गीता प्रेमियों ने अपने-अपने विचार रखे। जिसे सभी ने ध्यान से सुना। सत्संग यही है जब सत्य की चर्चा हो और उसे सुना जाकर आचरण में अपनाया जाएं। इस सत्संग का सार यह रहा है चित्र के साथ साथ चरित्र को आचरण में अपनाना चाहिए और व्यक्ति नहीं व्यक्तित्व से प्रेरणा लेना चाहिए और परमात्मा की पूजा अपने स्वाभाविक कर्मों द्वारा करते हुए जनहित के परोपकारी कार्य करते रहना है। किसी भी बात को तभी स्वीकार करें जो तर्क, तथ्य, युक्ति प्रमाण पर सार्थक हो और सार्वभौमिक व जनहितकारी हो। श्रीमद्भगवद्गीता में संसार के कल्याण के उद्देश्य से सभी विषय की चर्चा है जिसको जानकर भौतिक व आध्यामिक उन्नति प्राप्त करने में सफलता प्राप्त होती है । समिति द्वारा गीता स्वाध्याय करने का उद्देश्य है गांव-गांव में शास्त्रों के यथार्थ ज्ञान से ग्रामीणजन परिचित हों जिससे गांवों में समाजिक समरसता बढ़े, अपने गांव को सभी मिलजुल साफ स्वच्छ रखें, नशमुक्त रखें, सहकारिता और स्वैच्छिकता के भाव से अपने घर को मन्दिर व गांव को तीर्थ बनाएं। वहीं ग्राम बक्सनपुर के गीताप्रेमी के साथ छोटे-छोटे बच्चे भी इसमें शामिल हुए।

# महिलाओं की समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** भारतीय मजदूर संघ नगर दौरा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एक कार्यक्रम सरस्वती स्कूल में आयोजित किया गया। जिसमें महिला शक्ति को सम्मानित करने के साथ ही रंगपंचमी के दिन एक दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर बधाई दी गई। इसके साथ ही महिलाओं की विभिन्न मांगो को लेकर एक ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम जिला प्रशासन को सौंपा गया। रविवार को आयोजित कार्यक्रम में मुख्य वाक्ता आशा सुपरवाइजर संघ की प्रदेश उपाध्यक्ष पूजा पटेल और अध्यक्षता भारतीय मजदूर संघ जिलाध्यक्ष हरिसिंह रघुवशी (हैरी) ने की।

**समस्याओ को लेकर सौंपा ज्ञापन:** कार्यक्रम पाश्चात महिलाओं की विभिन्न मांगो और समस्याओं को लेकर एक ज्ञापन सौंपा गया।




जिसमें वर्तमान समय में विभिन्न क्षेत्रों, विशेष कर कारखानों और उद्योगों में कार्यरत महिलाओं की स्थिति पर नियोक्ता एवं सरकार का ध्यान आकर्षित करना है। महिला श्रमिकों के लिए समान कार्य हेतु समान वेतन, सुरक्षित कार्य स्थल, कार्य स्थलों पर अनिवार्य क्रेच (पालना घर) की सुविधा और कार्य के घंटे का उचित निर्धारण करना। कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न की रोकथाम अधिनियम का कड़ाई से अनुपालन कराया जाना एवं सभी महिला श्रमिकों के लिए स्वास्थ्य बीमा, मातृत्व लाभ और पेंशन की गारंटी दिया जाना, महिलाओं के विरुद्ध बढ़ती हिंसा पर रोक, शिक्षा और स्वरोजगार के समान अवसर दिलाये जाने की मांग की गई। ज्ञापन देने के दौरान बड़ी संख्या में महिलाओं सहित संगठन के पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे।